>

Title: Need to implement railway projects in Sidhi Parliamentary Constituency.

श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र (सीधी): सभापति महोदय, ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन बीस वर्षों से स्वीकृत है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है। हमारे सीधी जिले में करीब-करीब जमीन का अधिग्रहण हो चुका है, लेकिन रेलवे विभाग और रेलवे मंत्रालय द्वारा पैसे न उपलब्ध कराने के कारण जमीन का अधिग्रहण नहीं हो पा रहा है। कलेक्टर सीधी ने रेलवे विभाग को पत्र लिखा था कि मुआवजे की कार्रवाई सम्पन्न हो गई है और बीस करोड़ रुपए का आवंटन भी मिला था, वह खर्च हो चुका है। अगर दस करोड़ रुपए और मिल जाएं तो उससे रेलवे लाइन के मुआवजे का प्रकरण फाइनल हो जाएगा। मैं आपके माध्यम से रेलवे विभाग से निवेदन करता हूं कि दस करोड़ रुपए कलेक्टर सीधी को दे कर मुआवजे का भुगतान करवा कर और रेलवे लाइन का काम शुरू कराया जाए।